हारे का सहारा | by Sushil Gupta

मेरी लाज रखे तो जानूं मानु तुझे मैं श्याम
नाम तेरा सुनकर के आया मैं भी खाटू धाम
दुनिया में तेरा है बड़ा नाम
हारे का सहारा तू है खाटू वाला श्याम
मेरी लाज रखे तो जानूं ....

जग के लिए तुम दानी बड़े हो
मेरे लिए क्यों मौन खड़े हो
मेरे पुण्य पाप ना देखो
गैरों सा मुझको न देखो
बिगड़े बना दे काम
नाम तेरा सुनकर के आया मैं भी खाटू धाम
दुनिया में तेरा है बड़ा नाम
हारे का सहारा तू है खाटू वाला श्याम

कदम ये थक कर रुक ना जाएँ
आस का दीपक बुझ ना जाए
मैं कदम कदम पे अटका तेरे रहते क्यों मैं भटका
अब हार गया मैं श्याम
नाम तेरा सुनकर के आया मैं भी खाटू धाम
दुनिया में तेरा है बड़ा नाम
हारे का सहारा तू है खाटू वाला श्याम

सबको सब कुछ देने वाले
मेरा जीवन तेरे हवाले
बेधड़क है रात अँधेरी कृपा चाहूँ अब मैं तेरी
करदे सुहानी शाम
नाम तेरा सुनकर के आया मैं भी खाटू धाम
दुनिया में तेरा है बड़ा नाम
हारे का सहारा तू है खाटू वाला श्याम
मेरी लाज रखे तो जानूं ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-sushil-gupta/